अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव का दिन नहीं, बल्कि यह उस अद्भुत शक्ति, समर्पण और संवेदनशीलता को नमन करने का अवसर है, जो नारी के रूप में सृष्टि को जीवन, संस्कार और दिशा प्रदान करती है। नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की सशक्त प्रेरणा भी है। उसकी ममता में स्नेह है, उसके त्याग में करुणा है और उसके साहस में एक नए युग के निर्माण की असीम संभावनाएँ छिपी हैं।

भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव आदर और सम्मान की दृष्टि से देखा गया है। हमारे धर्मग्रंथों में भी यह स्पष्ट कहा गया है- "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः" अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवताओं का वास होता है। यह कथन केवल शास्त्रीय आदर्श नहीं, बल्कि समाज के संतुलित और स्वस्थ विकास का मूल मंत्र है।

जैन धर्म की परंपरा में भी नारी का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। भगवान महावीर स्वामी ने अपने उपदेशों के माध्यम से स्त्री और पुरुष दोनों को समान रूप से आध्यात्मिक उन्नति का अधिकार प्रदान किया। जैन साध्वी परंपरा त्याग, तप, संयम और साधना की प्रेरक मिसाल है। आज भी असंख्य साध्वीवृंद समाज को धर्म, संस्कार और सदाचार का संदेश देकर मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

आज के आधुनिक युग में नारी शिक्षा, विज्ञान, साहित्य, राजनीति, समाज सेवा और व्यापार जैसे अनेक क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही है। वह केवल अपने परिवार का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का मार्गदर्शन करने में समर्थ है। फिर भी यह आवश्यक है कि समाज में नारी के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समान अवसरों का वातावरण निरंतर सुदृढ़ किया जाए।

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय महिला शाखा भी इसी उद्देश्य को लेकर निरंतर सक्रिय है। महिलाओं को आत्मनिर्भर, संस्कारित और सामाजिक रूप से जागरूक बनाने के लिए समय-समय पर विविध कार्यक्रमों, संवादों और सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। हमारा प्रयास है कि नारी अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ समाज निर्माण में भी सक्रिय भागीदारी निभाए और अपने भीतर निहित शक्ति को पहचानते हुए आगे बढ़े।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हम नारी के सम्मान, शिक्षा, स्वावलंबन और आत्मगौरव को बढ़ाने के लिए मिलकर कार्य करें। जब नारी सशक्त होगी, तभी परिवार सशक्त होगा और जब परिवार सशक्त होगा, तभी समाज और राष्ट्र भी सुदृढ़ बनेगा।

आइए, इस पावन अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि नारी के सम्मान, सुरक्षा और उन्नति के लिए सदैव सकारात्मक वातावरण का निर्माण करेंगे और उसे समाज की वास्तविक शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित करने में अपना योगदान देंगे।

महिला दिवस पर तेलंगाना महिला शाखा द्वारा होली उत्सव व मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन

कांचीगुड़ा (तेलंगाना) : श्री ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली की तेलंगाना महिला शाखा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कांचीगुड़ा स्थित अतिथि भवन में होली उत्सव एवं मनोरंजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम हर्षोल्लास, उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर तेलंगाना शाखा की महिला अध्यक्षा श्रीमती चंद्रकला जी कोठारी जैन, महिला महामंत्री श्रीमती ममता जी बोहरा जैन तथा कोषाध्यक्षा श्रीमती राजश्री जी बरमेचा जैन के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैन कॉन्फ्रेंस की लगभग 80 महिला सदस्यओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, पूर्व मार्गदर्शक, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महामंत्री सहित अनेक वरिष्ठ सदस्यों का भी विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही प्रांतीय महिला शाखा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए मनोरंजन, गीत-संगीत और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। होली के पावन पर्व को आपसी स्नेह और उल्लास के साथ मनाया गया। महिला दिवस के अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को पारितोषिक एवं पुरस्कार भी प्रदान किए गए। आयोजन के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के समापन पर महिला शाखा की अध्यक्षा श्रीमती चंद्रकला जी कोठारी जैन एवं महिला महामंत्री श्रीमती जी ममता बोहरा जैन ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। यह कार्यक्रम महिला शक्ति, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने का एक सुंदर प्रयास रहा।

प्रेषक : रीचा जैन

साहित्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये प्रा. सुरेखा कटारिया को राष्ट्रीय जीवन गौरव पुरस्कार से सम्मानित

आकुर्डी (महाराष्ट्र) : प्रतिनिधि एजुकेशन फाउंडेशन संचालित सूर्य ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट के 28वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बाणेर स्थित बंटारा भवन में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में साहित्य के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने वाली साहित्यिका प्राध्यापिका सुरेखा कटारिया को सूर्य दत्त राष्ट्रीय जीवन गौरव पुरस्कार प्रदान सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार वितरण समारोह में श्री सुभाषजी ललवानी, सूर्यकांत मुथियान, मोतीलाल चोरड़िया, विलास पगारिया, संदेश गादिया, शीतल गादिया आदि मान्यवर उपस्थित रहे।

महिला शाखा ने उपाध्यायश्री जी के दर्शन, वंदन का लिया लाभ

त्रिनगर, दिल्ली : त्रिनगर में विराजित वाचनाचार्य पू. डॉ. श्री विशालमुनि जी म.सा. के पावन सान्निध्य में होली चातुर्मास के पावन अवसर पर नवकार साधक पू. श्री विचक्षण मुनि जी म.सा., स्वर्ण दीक्षा जयंती एवं नव दीक्षिता साध्वी पू. श्री शरणया जी म.सा. की बड़ी दीक्षा पाठ के पावन अवसर पर सेवा शिरोमणि उप्रवर्तिनी महासाध्वी पू. श्री स्नेहलता 'मुन्नी' जी म.सा. आदि ठाणे का जैन कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती संतोष सुरेश जी जैन एवं उनकी सहभागी टीम ने मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती संतोष सुरेश जी जैन, कोषाध्यक्षा श्रीमती उर्मिल जी जैन, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष श्री विपुल जी जैन, प्रांतीय युवा अध्यक्ष श्री विनीत जी जैन के साथ सम्मिलित हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला शाखा, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं प्रांतीय युवा अध्यक्ष द्वारा नवकार साधक पू. श्री विचक्षण मुनि जी म.सा. की स्वर्ण दीक्षा जयंती के अवसर पर आदर की चादर भी भेंट की गई। प्रेषक : कनिका संदीप जैन

त्रिनगर, दिल्ली में जैन भागवती दीक्षा महोत्सव का भव्य आयोजन

दिल्ली : धर्म नगरी त्रिनगर की पुण्य धरा पर नेपाल हिन्द गौरव पू. डॉ. श्री विशालमुनिजी म.सा. आदि ठाणा के पावन सान्निध्य में एवं साध्वी पू. श्री स्नेहलता 'मुन्नी' जी म.सा. के पावन नेश्राय में 22 फरवरी 2026 को जे.पी. टैन्ट, वी.आई.पी. पार्क, केशवपुरम, दिल्ली में मुमुक्षु कुमारी गुजन जैन की भव्य जैन भगवती दीक्षा महोत्सव का आयोजन श्री एस.एस. जैन सभा, त्रिनगर के द्वारा किया गया। दीक्षा महोत्सव में श्री एस.एस. जैन सभा, त्रिनगर के प्रधान श्री प्रकाशजी जैन 'मुआना', महामंत्री श्री अशोक जी जैन धामड़, कोषाध्यक्ष श्री विजय जी जैन एवं दिल्ली के समस्त समाज के श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित हुए।

प्रेषक : अशोक जैन

करोल बाग, नई दिल्ली में होली मंगलपाठ पर उमड़ा जन सैलाब

उप-प्रवर्तक, संघ गौरव पू. श्री प्रेमसुख जी म.सा. के सुशिष्य, राष्ट्रसंत, प्रज्ञा महर्षि पू. श्री उपेन्द्र मुनि जी म.सा. द्वारा होली के अवसर पर तीन दिवसीय तेला के उपरांत आयोजित मंगलपाठ में दिल्ली के कोने-कोने से गुरुभक्तों का जन सैलाब उमड़ा, सभी ने दर्शनों का लाभ लिया। इस अवसर पर गुरुदेव ने अपना मंगल पाठ प्रदान किया।

बैंगलोर में दक्षिण ज्योति साध्वी पू. डॉ. आदर्शज्योति जी म.सा. का दीक्षा दिवस आयोजन

बैंगलोर (कर्नाटक) : श्री आदर्श जैन नवयुवक मंडल का 34वाँ स्थापना दिवस एवं पूज्या साध्वी डॉ. आदर्शज्योति जी का होली चातुर्मास व 49वाँ दीक्षा दिवस मंजूनाथनगर, बैंगलोर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉफ्रेंस चतुर्थ ज़ोन नंदुरबार-महाराष्ट्र के प्रांतीय मंत्री प्रवीण कुमार जैन, श्री भवरलालजी मुनोत जैन ने बैंगलोर विराजित दक्षिण ज्योति साध्वी पू. डॉ. आदर्शज्योतिजी म.सा. आदि ठाणा के दर्शन वंदन का लाभ लिया। वहीं स्थानीय श्रावक-श्राविकाओं की भी सराहनीय उपस्थिति रही।

जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान प्रांतीय श्राविका रत्न सम्मान एवं होली मिलन समारोह आयोजित

उदयपुर (राजस्थान) : श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस महिला शाखा राजस्थान प्रांत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 27 फरवरी 2026 को देवेंद्र धाम में श्राविका रत्न सम्मान एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती रजनीजी डांगी जैन एवं मुख्य अतिथि श्रीमती पूर्णिमाजी बोकड़िया जैन उपस्थित रहीं। समारोह का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ, जिसे श्रीमती पुष्पा जी सुराणा जैन, श्रीमती पुष्पा जी मोदी जैन, श्रीमती मंजू जी मेहता जैन एवं किरणजी खोखावत जैन ने भावपूर्ण स्वर में प्रस्तुत किया। प्रांतीय अध्यक्षा डॉ. पुष्पा जी खोखावत जैन ने स्वागत उद्‌बोधन देते हुए सभी वरिष्ठ श्राविकाओं को संस्कारों की निर्मात्री बताया एवं होली पर मुस्कराकर, मन से प्रेम व सद्‌भाव का रंग लगाने की सलाह दी। प्रांतीय महिला महामंत्री डॉ. शिल्पा जी नाहर जैन ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

विशिष्ट अतिथि श्रीमती रजनी जी डांगी जैन ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी वरिष्ठ महिलाएँ समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनसे सेवा, समर्पण एवं त्याग की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर श्रीमती कमला देवी जी हरकावत जैन, श्रीमती पूर्णिमा जी भूतालिया जैन, श्रीमती कमल जी रांका जैन, श्रीमती सुशीला जी डांगी जैन, श्रीमती प्रेमबाई जी, श्रीमती सुशीला जी मेहता जैन, श्रीमती प्रेमबाई जी गोखरू जैन, श्रीमती कंचन देवी जी चंडालिया जैन, श्रीमती पिस्ताबाई जी सिसोदिया जैन, श्रीमती बसंतलता जी खमेसरा जैन, श्रीमती भागवती जी कोठारी जैन, श्रीमती सुशीला जी मेहता जैन, श्रीमती शांताबाई जी बोहरा जैन आदि 20 माताओं को श्राविका रत्न सम्मान से सम्मानित किया एवं तिलक होली का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रांतीय महिला अध्यक्षा डॉ. पुष्पा जी खोखावत जैन, डॉ. शिल्पा जी नाहर जैन, श्रीमती रेखा जी चोरड़िया जैन, श्रीमती नैना जी सिसोदिया जैन, श्रीमती रेखा जी जैन, श्रीमती मीनू जी छाजेड़ जैन, श्रीमती मंजु जी मेहता जैन, श्रीमती पुष्पा जी सुराणा जैन, श्रीमती पुष्पा जी मोदी जैन, श्रीमती कुसुम जी डांगी जैन, श्रीमती किरण जी खोखावत जैन, श्रीमती अनिता जी भंडारी जैन, श्रीमती रेखा जी नवलखा जैन आदि उपस्थित थी। राजस्थान प्रांतीय महिला शाखा की सभी सदस्यओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। श्रीमती मेनू जी छाजेड़ जैन, श्रीमती अरुणा जी सिंयाल जैन, श्रीमती अनीता जी सिंघवी जैन, श्रीमती ललिता जी बाफना जैन, श्रीमती भारती जी करनपुरिया सहित अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सुंदर संचालन श्रीमती नयना जी सिसोदिया जैन एवं डॉ. शिल्पा जी नाहर जैन ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ होली के गीतों एवं आनंदमय वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ।

जैन कॉन्फ्रेंस गुजरात द्वारा जीजीआई कैंटोनमेंट स्कूल में नवीनीकृत विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन

अहमदाबाद (गुजरात) : श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस की गुजरात प्रांतीय शाखा, महिला शाखा व युवा शाखा के तत्वावधान में एयरपोर्ट रोड़ पर श्रीमती जीजीआई कैंटोनमेंट स्कूल में मंगलवार को नवीनीकृत विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। जैन कॉन्फ्रेंस की गुजरात प्रांतीय शाखा के अध्यक्ष श्री सम्पतलालजी खाब्या जैन, प्रांतीय चेयरमैन श्री लक्ष्मीलालजी नाहर जैन, युवा शाखा के अध्यक्ष श्री कमलेशजी मदरेचा जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में खाव्या, नाहर मदरेचा परिवार की ओर से सेवाकार्य के तहत विज्ञान प्रयोगशाला स्टेम (विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, गणित) लैब का संयुक्त रूप से नवीनीकरण करवाया गया।

अतिथि जीतो अहमदाबाद के अध्यक्ष श्री राजीवजी छाजेड़ जैन, विशेष अतिथि भाजपा की युवा नेता श्वेता ब्रह्मभट्ट स्कूल के पूर्व छात्र रेशमभाई अस्पताल के निदेशक डॉ. हँसमुख अग्रवाल जी थे। इस अवसर पर पर स्कूल के छात्र समीर पड्या व छात्रा प्रिंसा ने प्रयोगशाला में किये कार्य की जानकारी दी।

इस अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस की गुजरात प्रांतीय शाखा के ज्ञान प्रकाश योजना अध्यक्ष श्री समरथलाल जी खाब्या जैन, श्री हीरालालजी छाजेड़ जैन, श्री शांतिलालजी नाहर जैन, श्री केसरीमलजी मादरेचा जैन, श्री भैरूलालजी खाब्या जैन, डॉ. रूपकुमार अग्रवाल जी, श्री लोकेशजी मादरेचा जैन ने आयोजन में सहयोग दिया।

स्मृति शेष श्रद्धांजलि

पूज्य श्री सुशीलाकुंवर जी म.सा. त्याग प्रत्याख्यान सहित देवलोकगमन

जलगांव (महाराष्ट्र) : धर्मदास सम्प्रदाय गौरव, तपस्वीराज पूज्य गुरुदेव श्री कानमुनिजी म.सा. की सुशिष्या एवं पूज्य श्री गुलाबमुनिजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी वर्धमान आयम्बिल तप आराधिका, स्थविरा, दीर्घ संयमी, महासती पूज्या श्री सुशीलाकुंवरजी म.सा. का त्याग प्रत्याख्यान सहित सोमवार, 2 मार्च 2026, शाम 5:30 बजे धर्मनगरी जलगांव मे कालधर्म हो गया। जैन कॉन्फ्रेंस का समस्त राष्ट्रव्यापी संवेदना व्यक्त करता है।

प्रशांत विहार, दिल्ली : सुश्राविका श्रीमती पुष्पा जी जैन धर्मपत्नी श्री परमानंद जी जैन का स्वर्गवास हो गया। उनकी रस्म उठावनी वीरवार 12 फरवरी को प्रशांत विहार के जैन स्थानक में सम्पन्न हुई।

मॉडल टाउन, दिल्ली : सुश्राविका श्रीमती बिमला देवी जी जैन, धर्मपत्नी स्व. श्री मदनलाल जी जैन (पूर्व अध्यक्ष दिल्ली जैन महासभा) मॉडल टाउन निवासी का 90 वर्ष की आयु में सम्पूर्ण त्याग, पच्चकखान के साथ सागारी संथारा सहित स्वर्गवास हो गया।

उत्तराध्यन सूत्र रचनानुवाद खुली प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन

अहमदाबाद (गुजरात) : श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली की गुजरात प्रांतीय ज्ञान प्रकाश योजना द्वारा श्री उत्तराध्ययन सूत्र रचनानुवाद युक्त खुली प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन 20 अप्रैल 2026 से किया जाएगा, प्रश्न पत्र हल करके दिनांक 2 जून 2026 तक प्रश्न पत्र के मुख्य पृष्ठ पर जैन समरथलाल खाब्या 32, पल्लवित सोसायटी, ओसवाल भवन के पास, शाहीबाग, अहमदाबाद - 380 004 (गुजरात) संपर्क सूत्र : 94260 35203 पर भेजना अनिवार्य है।

नाशिक एवं कुप्पकला में आत्म ध्यान धर्म यज्ञ

आत्म ध्यान धर्म यज्ञ में 62 साधकों ने लिया आत्मानुभव

नाशिक (महाराष्ट्र) : नाशिक केन्द्र पर 34 साधक व साधु-साध्वीवृंद सहित कुल 41 आत्मार्थी साधक सहभागी बने, जिसमें साध्वी पू. श्री विराग साधना जी म.सा., साध्वी पू. श्री स्वयंसाधना जी म.सा., साध्वी पू. श्री लक्षितसाधना जी म.सा., साध्वी पू. श्री नमिता जी म.सा., साध्वी पू. श्री सजगता जी म.सा., पू. श्री साध्वी संबोधि जी म.सा., साध्वी पू. श्री हीप्रीति जी म.सा. ने भी आत्म-ध्यान-साधना का लाभ लिया। साधिका सुनीता जैन का प्रशिक्षक के रूप में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कुप्पकला पंजाब में चार दिवसीय आत्म-ध्यान धर्म यज्ञ में 16 साधक एवं 5 साधु-साध्वीवृंद सहित कुल 21 आत्मार्थी साधक सहभागी बने। पू. श्री जितेन्द्र मुनि जी म.सा., पू. श्री आत्मज्ञाता जी म.सा., पू. श्री आत्मद्रष्टा जी म.सा., साध्वी पू. श्री समीक्षा जी म.सा., साध्वी पू. श्री रक्षिता जी म.सा. ने भी आत्म-ध्यान-साधना का लाभ लिया। साधिका राजुल जैन का प्रशिक्षक के रूप में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। नाशिक एवं कुप्पकला ध्यान केन्द्रों पर कुल 62 साधक सहभागी रहे।

55 बच्चों की नि:शुल्क सर्जरी सम्पन्न

इन्दौर (मध्य प्रदेश) : स्वर्णिम फाउंडेशन, वर्मा यूनियन हॉस्पिटल, फेसेस ऑफ टुमारों अमेरिका एवं जैन कॉन्फ्रेंस के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप लगाया गया। कैंप का शुभारंभ स्वामी अच्युतानंद महाराज, पीएफ कमिश्नर मनोरंजन सिंह और सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी, श्री वीरेन्द्र कुमार जैन, श्री अश्विनी वर्मा जी, साक्षी जी अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। श्री वीरेन्द्र कुमार जी जैन ने बताया कि कैंप में कटे होठ-तालू वाले 125 बच्चों की जांच की। 55 बच्चों का सर्जरी के लिए चयन किया गया। गुरुदेव स्वामी अच्युतानंद जी महाराज ने कहा कि सर्जरी के पश्चात् बच्चों के चेहरे की खूबसूरती और मुस्कान बढ़ जाएगी। मुख्य अतिथि श्री मनोरंजन सिंह जी ने इस कैंप की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए अमेरिका से आर्यी डॉक्टर्स की टीम के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। कैंप का संचालन रेखा जी जैन एवं पूजा जी जैन ने किया। आभार जैन कॉन्फ्रेंस की मानव सेवा योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश जी भटेवरा जैन ने व्यक्त किया।

मालेरकोटला, पंजाब में बड़ी दीक्षा कार्यक्रम सम्पन्न

मालेरकोटला (पंजाब) : शनिवार, दिनांक 7 मार्च 2026 को एस.एस. जैन सभा (रजि.) मोती बाजार के तत्वावधान तथा श्रमण संघीय सलाहकार पू. श्री दिनेशमुनि जी म.सा., पू. डॉ. श्री द्वीपेन्द्रमुनि जी म.सा. तथा पू. डॉ. श्री पुष्पेन्द्रमुनि जी म.सा. के मुखारविंद तथा उत्तर भारतीय प्रवर्तिनी महसाध्वी पू. श्री सुधा जी म.सा., शान-ए पंजाब महासाध्वी पू. श्री श्रेष्ठा जी म.सा., पंजाब सिंहनी महासाध्वी पू. श्री स्वाति जी म.सा., आदि ठाणा 18 के पुनीत सान्निध्य में 8 फरवरी को नव दीक्षिता साध्वी तित्थयरा श्री जी व साध्व जिणवराश्री बड़ी दीक्षा का पाठ ग्रहण किया। पू. श्री दिनेशमुनि जी म.सा. ने नव दीक्षिता साध्वी तित्थयराश्री को पंजाब सिंहनी साध्वी श्री स्वाति जी म. तथा नवदीक्षिता साध्वी जिणवराश्री को साध्वी श्री राधिका जी म.सा. की सुशिष्या घोषित किया।

ALDACO
AIM HIGH

Sudershan Jain
National Chairman – Jan Kalyan Yojana
Jain Conference, New Delhi

DEALS IN NON LEATHER FOOTWEAR
ALDACO FOOTWEAR
9310899901 | Aldacofootwear@gmail.com

साधना और संयम के मार्ग पर चलने से मानव जीवन सार्थक-सुकनमुनि जी म.सा.

जहाँ धर्म होता वहाँ कभी अमंगल नहीं हो सकता-अमृत मुनिजी

प्रवर्तक पू. श्री सुकनमुनिजी म.सा. के 64वें दीक्षा दिवस समारोह में चतुर्विद संघ का समागम

भीलवाड़ा (राजस्थान) : श्रमण सूर्य मरुधर केसरी मिश्रीमलजी म.सा. के सुशिष्य श्रमण संघीय वरिष्ठ प्रवर्तक पू. श्री सुकनमुनिजी म.सा. का 64वाँ दीक्षा दिवस दो-दो सामायिक की आराधना के साथ श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सुभाषनगर के तत्वावधान में मनाया गया। सुभाषनगर स्थानक में आयोजित कार्यक्रम में उपप्रवर्तिनी साध्वी पू. श्री मंजूलज्योति जी म.सा. आदि ठाणा का सान्निध्य भी प्राप्त होने से चतुर्विद संघ का समागम हो गया। समारोह में मुनिवृन्द, साध्वीगण एवं श्रावक श्राविकाओं ने पू. श्री सुकनमुनिजी म.सा. के संयम जीवन की अनुमोदना करते हुए उनके दीर्घायु होकर जिनशासन की सेवा करते रहने की मंगलभावनाएं व्यक्त की।

धर्मसभा में वरिष्ठ प्रवर्तक पू. श्री सुकनमुनिजी म.सा. ने कहा कि जीवात्मा के लिए मानव भव प्राप्त होना दुर्लभ होता है। धर्म की साधना ओर संयम के मार्ग पर चलकर ही इसे सार्थक किया जा सकता है। जीवन में त्याग ओर मर्यादाओं की पालना निरन्तर करते रहना चाहिए। उन्होंने भीलवाड़ा वासियों की भक्ति व सेवा भावना की सराहना करते हुए उनके प्रति मंगल भावनाएं व्यक्त की। तपस्वीरत्न उप-प्रवर्तक पू. श्री अमृतमुनिजी म.सा. ने कहा कि धर्म उत्कृष्ट मंगल होता है। जहाँ धर्म होता है वहाँ कभी अमंगल हो ही नहीं सकता। जिनके जीवन में धर्म का स्थान नहीं होता वहाँ अमंगल प्रारंभ हो जाता है। जीवन में त्याग एवं मर्यादाएं होना आवश्यक है। इनके बिना हमारे कर्म निर्जरा नहीं हो सकती। उन्होंने पूज्य सुकनमुनिजी म.सा. के प्रति मंगल भाव व्यक्त करते हुए कहा कि वह मरूधर केसरी पू. श्री मिश्रीमलजी म.सा. एवं लोकमान्य संत शेरे राजस्थान पू. श्री रूपचंदजी म.सा. की सेवा व भक्ति की परम्परा को निरन्तर आगे बढ़ा रहे है। जिनशासन की सेवा का अवसर भाग्य से ही प्राप्त होता है। पू. डॉ. वरूणमुनि म.सा. ने जीवन में गुरु का महत्व समझाते हुए कहा कि गुरु के बिना गोविन्द यानि परमात्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती। जिनके जीवन में सद्गुरु की प्राप्ति हो जाती है उनका जीवन संवर जाता है। जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान प्रांतीय शाखा के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री आनंद जी चपलोत जैन ने भी पूज्य श्री सुकनमुनिजी म.सा. के दीक्षा दिवस पर अनुमोदना करते हुए मंगलभावनाएं व्यक्त की। सुभाषनगर महिला मण्डल की सदस्यों ने गीतिका की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शांतिभवन श्रीसंघ के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जी चीपड़ जैन, अहिंसा भवन श्रीसंघ शास्त्रीनगर के अध्यक्ष श्री अजय जी सांड जैन, अरिहन्त विकास समिति चन्द्रशेखर आजादनगर के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जी सुकलेचा जैन, बापूनगर श्रीसंघ के मंत्री श्री अनिल जी विश्लोत जैन, वरिष्ठ सुश्रावक श्री कंवरलाल जी सूरिया जैन, श्री सुशील जी चपलोत जैन, श्री दिनेश जी बम्ब जैन आदि भी मौजूद थे।

प्रेषक : निलेश कांठेड़

सिविल सर्विस परीक्षा 2025 में 26 जैन बच्चे हुए परीक्षा में उत्तीर्ण

नई दिल्ली : प्रत्येक वर्ष चयनित होने वाले एक हजार बच्चों में से 26 जैन बच्चे सिविल सर्विस परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण हुए है, जोकि हमारे जैन समाज के लिए सम्मान की बात है। जो बच्चें अपनी-अपनी रैंक के अनुसार इस परीक्षा उत्तीर्ण हुए है, उनके नामों की सूची एवं क्रम इस प्रकार से है :-

1. आस्था जैन **9**वीं रैंक, **2.** चितवन जैन **17**वीं रैंक, **3.** साक्षी जैन **37**वीं रैंक, **4.** अनिमेष जैन **63**वीं रैंक, **5.** पीयूष जैन **80**वीं रैंक, **6.** यशवी जैन **97**वीं रैंक, **7.** निश्चल जैन **119**वीं रैंक, **8.** संदेश जैन **161**वीं रैंक, **9.** ऋषभ जैन **163**वीं रैंक, **10.** अभिजीत जैन **170**वीं रैंक, **11.** कृपा जैन **190**वीं रैंक, **12.** पुलकित जैन **242**वीं रैंक, **13.** सुकांत जैन **244**वीं रैंक, **14.** अनुषा जैन **251**वीं रैंक, **15.** ईशा जैन **272**वीं रैंक, **16.** रिया जैन **318**वीं रैंक, **17.** भूमिका जैन **331**वीं रैंक, **18.** सौम्या जैन **346**वीं रैंक, **19.** हर्ष जैन **363**वीं रैंक, **20.** हर्ष जैन **412**वीं रैंक, **21.** हिमांशु जैन **482**वीं रैंक, **22.** प्रियम जैन **551**वीं रैंक, **23.** मानव जैन **620**वीं रैंक, **24.** प्राची जैन **714**वीं रैंक, **25.** रोहन जैन **758**वीं रैंक, **26.** उज्जवल जैन **797**वीं रैंक प्राप्त हुई है।

आप सभी होनहार छात्र-छात्राओं को श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली की ओर से आपके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक-हार्दिक शुभमंगल कामनाएं एवं ढ़ेर सारी बधाईयाँ।

जैन कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय सभाएँ उत्साहपूर्वक सम्पन्न, संगठनात्मक गतिविधियों पर हुआ व्यापक मंथन

नई दिल्ली : श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली की राष्ट्रीय प्रबन्ध समिति (कार्यकाल 2025-27) की महत्वपूर्ण बैठकें शुक्रवार, दिनांक 27 फरवरी 2026 को जैन भवन, 12, शहीद भगतसिंह मार्ग, गोल मार्केट, नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल जैन की अध्यक्षता में अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुईं।

बैठकों का शुभारम्भ प्रातः 10:00 बजे राष्ट्रीय प्रबन्ध समिति की सभा से हुआ, जिसके पश्चात दोपहर 1:30 बजे राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक तथा दोपहर 4:00 बजे साधारण सभा आयोजित की गई। देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति से सभाओं में विशेष उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का प्रारम्भ मंगलाचरण से हुआ तथा तत्पश्चात दिवंगत साधु-साध्वीवृंद एवं श्रावक - श्राविकाओं को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद गत् सभा की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा सभा की तिथि से सात दिन पूर्व तक प्राप्त आजीवन सदस्यता आवेदन पत्रों पर विचार-विमर्श कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में वर्ष 2026-27 के अनुमानित आय-व्यय पत्रक (बजट) को प्रस्तुत किया गया, जिस पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त उसे स्वीकृति प्रदान करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति में प्रस्तुत करने हेतु संस्तुति की गई। साथ ही संविधान एवं नियम-उपनियम संशोधन समिति द्वारा तैयार किए गए संशोधित संविधान के प्रारूप को भी सभा के समक्ष रखा गया, जिस पर सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव और विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस की विभिन्न योजनाओं के राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय मंत्रियों ने अपने एक वर्षीय कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी साझा की। उपस्थित सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उत्साहपूर्वक अपने सुझाव दिए।

सभा के दौरान संस्था की विभिन्न सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए वैय्यावच्च योजना के माध्यम से पूज्य संत-साध्वीवृंद के सेवकों की वेतन व्यवस्था, व्हील चेयर, औषधि आदि आवश्यक सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान देने हेतु राष्ट्रीय मंत्री श्री रतनजी सिंघवी जैन का संस्था की ओर से अभिनंदन किया गया।

साथ ही संस्था के साप्ताहिक मुखपत्र "जैन प्रकाश" के नियमित प्रकाशन में विज्ञापन के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय चेयरमैन श्री विजय जी जैन, राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शक श्री महावीरचंद जी रांका जैन तथा जन कल्याण योजना के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री सुदर्शन जी जैन का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इसी क्रम में ज्ञान प्रकाश योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नरेश आनन्द प्रकाश जी जैन ने भी "जैन प्रकाश" के लिए एक वर्ष तक पूर्ण पृष्ठ का विज्ञापन देने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर संस्था के प्रति अपना सहयोग और सद्भाव प्रकट किया, जिसकी सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने सराहना की। सभा का सुंदर एवं व्यवस्थित संचालन राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. अमितराय जी जैन द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी विषयों को क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत कर बैठक को सफलतापूर्वक संचालित किया।

कार्यक्रम में पधारे सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए नाश्ते एवं आहार की उत्कृष्ट व्यवस्था का लाभ मातुश्री ऊषा जी जैन परिवार, वसंतकुंज (दिल्ली) द्वारा प्राप्त किया गया, जिसके लिए सभा में उपस्थित सभी महानुभावों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल जी जैन ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि संगठन की शक्ति सभी के सहयोग, समर्पण और सक्रिय सहभागिता में निहित है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इसी उत्साह और एकता के साथ जैन कॉन्फ्रेंस समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित करती रहेगी। सभा का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण, संगठन के प्रति नव ऊर्जा और समाजहित के संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ।

देश में विराजित पूज्य संत-साध्वीजी म. के पावन चरणों में
कोटि-कोटि वंदन एवं श्रद्धापूर्ण नमन

समाजरत्न दानवीर भामाशाह
लाला आनन्द प्रकाश जी जैन
महिलारत्न
स्व. श्रीमती कमलेश आनन्द प्रकाश जी जैन

NAMO eWaste

Namo e waste Management Ltd.
E waste & lithium in battery recycling
EPR facility
8130393628 admin@namoewaste.com

Vardhman Recycling LLP
Old vehicles recycling with certificate of disposal
Plastic recycling EPR facility
8130393611 vardhmanautorecycling@gmail.com

नरेश आनन्दप्रकाश जैन
राष्ट्रीय अध्यक्ष
ज्ञान प्रकाश योजना, जैन कॉन्फ्रेंस

रचना नरेश जैन
राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शक
जैन कॉन्फ्रेंस, राष्ट्रीय महिला शाखा

जैन कॉन्फ्रेंस मध्य प्रदेश शाखा का प्रांतीय सम्मेलन इन्दौर में आयोजित

सम्मेलन में युवाचार्य पू. श्री महेन्द्रऋषि जी म.सा. का सान्निध्य प्राप्त हुआ

इन्दौर (मध्य प्रदेश) : श्री ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली की मध्य प्रदेश प्रांतीय शाखा एवं श्रमण संघीय परम पूज्य युवाचार्य श्री महेंद्रऋषि जी म.सा. के सान्निध्य में प्रांतीय सम्मेलन महावीर बाग-इंदौर में 1 मार्च 2026 को आयोजित किया गया। प्रांतीय सम्मेलन में अभिग्रहधारी पूज्य श्री राजेशमुनि जी म.सा., प्रवचनकार पू. श्री अभिषेकमुनि जी म.सा., पूज्य श्री विकसित मुनि जी म.सा., निमाड़ सौरभ पूज्य श्री रमणीक कुंवर जी म.सा. आदि ठाणा, उप-प्रवर्तिनी पूज्य श्री दिव्यज्योति जी म.सा. 'अर्पणा' आदि ठाणा 9, पूज्य श्री अरुणा जी म.सा. आदि ठाणा उपस्थित थे।

इस प्रांतीय सम्मेलन में जैन कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय महामंत्री प्रो. डॉ. अमिताय जी जैन-बड़ौत से, राष्ट्रीय चेयरमैन विश्वस्त मंडल श्री रमेश जी भंडारी जैन-इंदौर से, राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमती संतोष सुरेश जी जैन-दिल्ली से, राष्ट्रीय महिला महामंत्री श्रीमती रीचा जी जैन-लुधियाना से, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विनय कुमार जी जैन-पानीपत से, राष्ट्रीय समन्वयसक जोंन-1 श्री सुरेश कुमार जी लुणावत जैन-चेन्नई से आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। प्रांतीय सम्मेलन दो चरण में पूरा हुआ। पहले चरण में म.सा. का प्रवचन व प्रांतीय अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पदाधिकारियों का उद्बोधन हुआ। अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय महामंत्री प्रो. डॉ. अमिताय जी जैन ने 120 वर्ष पुरानी मातृ संस्था के बारें में विस्तार से बताया। वाकई श्रमण संघ के इतिहास के बारें में बहुत ही सुंदर विवेचना उनके द्वारा प्रस्तुत की गई।

विश्वस्त मंडल के चेयरमैन श्री रमेश जी भंडारी जैन ने अपने उद्बोधन में बताया कि मध्य प्रदेश प्रांत द्वारा यह जो कार्यक्रम किया गया है अपने आप में प्रेरणादायक रहेगा। मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों ने जिस उत्साह और उमंग से इस प्रांतीय अधिवेशन में भाग लिया है यह स्थानकवासी जैन समाज के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

दूसरे सत्र में श्रमण संघ को कैसे और ऊँचाइयों पर ले जाया जाए, जिस पर बहुत सारे महानुभावों ने अपनी बात लिखकर युवाचार्य पू. श्री महेंद्रऋषि जी म.सा. को अपनी समस्या बताई। उनकी समस्याओं का समाधान युवाचार्यश्री जी म.सा ने किया। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ वर्तमान परिस्थिति व आने वाली परिस्थिति के बारें में बहुत सारी बातों पर विचार-विमर्श हुआ। इसमें मुख्य रूप से मध्य प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष श्री हुलाशजी बेताला जैन, प्रांतीय महामंत्री श्री पीयूष जी जैन, भूतपूर्व अध्यक्ष श्री ललितजी छल्लाणी जैन, मुख्य संयोजक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव सेवा श्री प्रकाश जी भटेवरा जैन, राष्ट्रीय मंत्री श्री जिनेश्वर जी जैन, सह-महामंत्री श्री कांतिलाल मेहता जैन, श्री हेमंत जी बोरा जैन, श्री शिखर जी बाफना जैन, कोषाध्यक्ष श्री राजेश जी झामड़ जैन, प्रांतीय महिला अध्यक्षा श्रीमती सुनीता जी छजलानी जैन, प्रांतीय युवा अध्यक्ष श्री सुविधि जी झावेरी जैन, श्री अमित जी मोदी जैन, श्री अरुण जी जैन, श्री सुभाष जी विनायक्या जैन व इंदौर एवं आस-पास से करीब 800 से ज्यादा महानुभाव इस कार्यक्रम में उपस्तिथ हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय महामंत्री श्री पीयूष जी जैन ने किया एवं अंत में आभार श्री कांतिलाल मेहता जैन ने व्यक्त किया। प्रेषक : पीयूष जैन

प्रवर्तक पू. श्री सुकनमुनि जी म.सा. का दीक्षा दिवस समारोह

भीलवाड़ा (राजस्थान) : मरुधरा भूषण, श्रमण संघीय प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री सुकनमुनि जी म.सा., तपस्वीरत्न एवं ज्योतिष सम्राट उपप्रवर्तक पू. श्री अमृतमुनि जी म.सा., युवा प्रणेता पू. श्री महेशमुनि जी म.सा., बालयोगी पू. श्री अखिलेशमुनि जी म.सा., पू. डॉ. श्री वरुणमुनि जी म.सा. (डी.लिट्.), मेवाड़ गौरव पू. श्री रविन्द्रमुनि जी म.सा., पू. श्री ध्यान दर्पणमुनि जी म.सा., नवकार आराधक पू. श्री वीतरागमुनि जी म.सा., महासती पू. श्री ज्ञानकंवर जी म.सा., महासाध्वी पू. श्री प्रतिभा जी म.सा., पू. श्री पुष्पलता जी म.सा., उपप्रवर्तिनी पू. श्री मंजूलज्योति जी म.सा., युवा प्रेरिका पू. श्री वसुधा जी म.सा., साध्वी पू. श्री वन्दिता जी म.सा., पू. श्री विजेता जी म.सा., पू. डॉ. श्री वारिधी जी म.सा. तथा समस्त साधु-साध्वी मंडल के पावन सान्निध्य में होली चातुर्मास एवं प्रवर्तक पू. श्री सुकनमुनि जी म.सा. का दीक्षा दिवस सोमवार 2 मार्च 2026 को शांति भवन, भोपालगंज, भीलवाड़ा में श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया। इस पावन सुअवसर पर श्री शांति भवन के कार्यकारिणी एवं आमंत्रित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

जैन गौरव

महाराज चेटक

विशाल एवं शक्तिशाली गणतन्त्रात्मक वज्जिसंघ के अध्यक्ष तथा वैशाली महानगरी के अधिपति और भगवान महावीर के मातामह, महाराज चेटक अपने समय के सम्पूर्ण भारत वर्ष के सर्वप्रधान सत्ताधीशों में से थे। महाराज चेटक की महादेवी का नाम सुभद्रा था। दोनों ही परम श्रद्धालु जिनभक्त थे। मगध में राजगृह के निकट जिनायतन भी था। रणक्षेत्र में भी वह इष्टदेव की पूजा-अर्चना करना नहीं भूलते थे। अहिंसा धर्म अनुयायी होते हुये भी बड़े पराक्रमी और वीर योद्धा थे। कहा जाता है कि अनेक शत्रुओं को चेटी या दास बना लेने के कारण ही वह चेटक कहलाने लगे थे। जिस संघ के वह अधिनायक थे, उसमें अनेक गण सम्मिलित थे तथा संघ की व्यवस्था एवं प्रशासन के हेतु उसके राजा उपाधिधारी 7707 सदस्य थे। महाराज चेटक ने अपनी बुद्धि, साहस, वीरता सौजन्य एवं राजनीति पटुत्व के बल पर उन सबके बीच वैशाली गण संघ को धन, वैभव, शक्ति, संगठन अनेक दृष्टियों से नरेशों की ईर्ष्या का पात्र बना दिया था।

राजर्षि उदायन

भगवान महावीर के परम भक्त उपासक नरेशों में सिन्धु-सौवीर देश के शक्तिशाली एवं लोकप्रिय महाराजाधिराज उदायन का उच्च स्थान था। उनके राज्य में सोलह बड़े-बड़े जनपद थे 363 नगर तथा उतनी ही खनिज पदार्थों की बड़ी-बड़ी खदानें थी। दस छत्र मुकुटधारी नरेश और अनेक छोटे भूपत्ति, सामन्त, सरदार, सेठ-साहूकार उनकी सेवा में रत रहते थे। महाराज उदायन के उदार एवं न्याय-नीति पूर्ण सुशासन में प्रजा सर्व प्रकार के भय से मुक्त हो सुख और शान्ति का उपभोग करती थी। इतने प्रतापी और महान् नरेश होते हुये भी महाराज उदायन अत्यन्त निरभिमानी, विनयशील, साधु सेवी और धर्मानुरागी थे। भगवान महावीर की देहाकार सुवर्णमयी प्रतिमा प्रतिष्ठित की थी। भगवान महावीर के साक्षात् सम्पर्क से यह राजदम्पत्ती इतने प्रभावित हुये कि उन्होंने श्रावक के बारह व्रत धारण किये। धर्म ध्यान तथा साधुओं की सेवा वैयावृत्य आदि में उन्हें विशेष आनन्द था। राजा-रानी और पुत्र अभीचकुमार ने मुनि दीक्षा ली।

युवा प्रतिनिधि ने अंतर्राष्ट्रीय ए.आई. समिट में सहभागिता कर दुर्ग जैन समाज का नाम किया गौरवान्वित

दुर्ग (छत्तीसगढ़) : दुर्ग की प्रतिभाशाली युवा प्रतिनिधि कृति संचेती जैन ने अंतर्राष्ट्रीय एआई (Artificial Intelligence) समिट में सहभागिता कर शहर एवं प्रदेश का 16 फरवरी से 20 फरवरी तक भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित समिट में दुर्ग छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर विश्वभर के 7 देशों के राष्ट्रपति के साथ-साथ आए विशेषज्ञों, तकनीकी विद्वानों एवं नवाचारकर्ताओं के बीच कृति संचेती की उपस्थिति विशेष रूप से सराहनीय रही।

समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विभिन्न आयामों जैसे मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, साइबर सुरक्षा तथा भविष्य की तकनीकी संभावनाओं पर गहन चर्चा एवं विचार-विमर्श हुआ। कृति संचेती जैन ने न केवल इन विषयों पर अपने विचार साझा किए, बल्कि वैश्विक स्तर पर हो रहे नवाचारों एवं शोध की जानकारी भी प्राप्त की। प्रेषक : नवीन संचेती जैन

उदयपुर में बड़ी दीक्षा कार्यक्रम सम्पन्न

उदयपुर (राजस्थान) : दिनांक 5 मार्च 2026 को श्री वर्धमान स्थानकवासी श्रमण संघ सेक्टर 4 में आगम प्रज्ञा जी म.सा. की बड़ी दीक्षा का आयोजन प्रवर्तक पू. श्री विजयमुनि जी म.सा., उपाध्याय, महाश्रमण पू. श्री जिनेन्द्रमुनि जी म.सा., आगम ज्ञाता पू. श्री गौतममुनि जी म.सा., उप-प्रवर्तक पू. श्री चन्द्रेशमुनि जी म.सा., तपस्वी पू. श्री वैभवमुनि जी म.सा., दक्षिण चन्द्रिका डॉ. संयमलताजी म.सा., साध्वी पू. श्री अमितप्रभा जी म.सा., साध्वी पू. श्री कमलप्रभा जी म.सा., साध्वी पू. श्री सौरभप्रज्ञा जी म.सा. के पावन सान्निध्य में मंगलाचरण के साथ प्रारंभ हुआ।

दीक्षा प्रदाता पू. श्री गौतममुनि जी म.सा. के मुखारविंद से विधिवत दीक्षा का बड़ा पाठ सुनाया गया। बड़ी दीक्षा के संपूर्ण लाभार्थी श्री अशोक कुमार जी चौहान, श्री नरेन्द्र जी चण्डालिया, श्री गणपत जी, श्री ललित कुमार जी लोढ़ा, श्री अरूण जी बया परिवारों द्वारा नवकारसी एवं कार्यक्रम पश्चात् सभी गुरु भगवंतो की आहार आदि की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर देशभर के कई शहरों से श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। अंत में महाश्रमण पू. श्री जिनेन्द्रमुनि जी म.सा. ने मंगलपाठ देकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रेषक : हीरालाल नावेड़िया

J. P. Jain Foundation

(स्व. श्री जय प्रकाश जैन की पुण्य स्मृति में स्थापित)

सेवा, करुणा और अहिंसा के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुँचाने के उद्देश्य से निम्न जनकल्याणकारी सेवा-कार्यों का सतत् संचालन

- जैन हेल्थकेयर सेंटर के माध्यम से निःस्वार्थ एवं समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं।
- भिवानी में फूड वैन द्वारा जरूरतमंदों को नियमित भोजन वितरण।
- दर्द निवारक - महाउपयोगी नाकोडा भैरव लाल तेल का देश भर में निःशुल्क वितरण।
- निर्धन विधवाओं एवं असहाय वर्गों को राशन सहायता।
- जीव-दया के संरक्षण एवं करुणा आधारित सेवा अभियान।
- साधर्मी बंधुओं को हर प्रकार की सहायता।

MATUSHRI BHAWAN, 537/5, Doodh Wali Gali, Mehrauli, New Delhi-110030 9650485980 Email.: foundationjpjain@gmail.com

श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस (रजि.) के सम्पादक एवं प्रकाशक अमित जैन द्वारा पारस ऑफसेट प्रा.लि., 118-F, सेक्टर 56, फेज 5, कुंडली, सोनीपत - 131 028 द्वारा मुद्रित।
केन्द्रीय कार्यालय : जैन भवन, 12, शहीद भगतसिंह मार्ग, गोल मार्किट, नई दिल्ली - 110 001. सम्पर्क : 90197 31906 ※ अस्वीकरण : समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र नई दिल्ली होगा।